09845

# BACHELOR'S DEGREE PROGRAMME

## Term-End Examination

## June, 2014

## ELECTIVE COURSE : COMMERCE

## ECO-10 : ELEMENTS OF COSTING

*Time : 2 hours* | *Maximum Marks : 50*
*(Weightage 70%)*

*Note : Attempt **any two** questions from **Section - A** and **any two** questions from **Section - B**.*

## SECTION - A

1. Describe the objectives of cost accounting. In what way does cost accounting differ from financial accounting ? **4+6**

2. (a) Explain with the help of examples, the classification of costs on the basis of identifiability with the products. **5+5**
   (b) What do you mean by perpetual inventory system ? State any three advantages of this system.

3. Write short notes on **any two** of the following : **5+5**
   (a) Labour Turnover Rate
   (b) Reordering Level
   (c) Disposal of underabsorption and overabsorption of factory overheads
   (d) Memorandum Reconciliation Account

## SECTION - B

4. With the help of the following information from the cost of records of a manufacturing firm for a product for a year, as certain (a) Total cost of production, (b) Cost of goods sold, (c) Cost of sales and (d) Net profit for the year as well as per ton. **15**

| | Rs. |
|---|---|
| Purchase of raw materials | 12,00,000 |
| Factory Rent and Insurance | 80,000 |
| Carriage Inwards | 14,400 |
| Other factory overheads | 4,00,000 |
| Direct wages | 6,00,000 |
| Stock at the beginning | |
| Raw materials | 2,00,000 |
| Finished Goods (1000 tons) | 1,50,000 |
| Administrative overheads | 2,84,000 |
| Sales | 29,90,000 |
| Stock at the end | |
| Raw materials | 2,22,400 |
| Finished Goods (2000 tons) | ? |

There was no stock of work in progress either at the beginning or at the end. Advertising and other selling costs were Rs.10 per ton sold. During the year 16,000 tons of the product was produced.

5. (a) From the following information, compute : **9+6**

(i) Reorder Quantity

(ii) Reorder Level

(iii) Maximum Stock Level and

(iv) Minimum Stock Level

Annual usage was 30,000 units, cost of materials per unit Rs. 3, cost of placing an order Rs. 20, annual carrying cost of one unit 20% of inventory value and time required for delivery 1 to 2 months. Normal consumption 2,500 units per month. Maximum consumption 3,000 units per month and Minimum consumption 2,000 units per month.

(b) What do you mean by normal and abnormal process losses ? How do you account for these losses in cost accounts ? Explain briefly.

6. (a) The production department of a factory gives the following information for a month of the current accounting year : **9+6**

Materials used Rs. 1,08,000; Direct wages Rs. 90,000; Factory overheads Rs. 72,000; Labour hours worked 72,000 and Machine hours worked 60,000. For an order executed during the month, the following information was recorded :

Materials used Rs. 12,000; Direct wages Rs. 6,400; Labour hours worked 6,400 and Machine hours worked 4,800.

Compute the Overhead Absorption Rates and prepare a statement showing cost of the job under :

(i) Direct Materials Cost Method

(ii) Direct Labour Cost Method

(iii) Labour Hour Rate and

(iv) Machine Hour Rate

(b) The standard time allowed to complete a job is 100 hours and the hourly rate of wage payment is Rs. 50. The actual time taken by a worker to complete the Job is 80 hours. Compute the total wages of the worker under :

(i) Halsey Plan and

(ii) Rowan Plan

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2014

## ऐच्छिक पाठ्यक्रम : वाणिज्य

## ई.सी.ओ.-10 : लागत लेखा के मूल तत्त्व

*समय : 2 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 50 (कुल का 70%)*

***नोट :** **खण्ड-क** में से **कोई दो** प्रश्न तथा **खण्ड-ख** में से **कोई दो** प्रश्न कीजिए।*

---

### खण्ड - क

1. लागत लेखा के उद्देश्यों का वर्णन कीजिए। लागत लेखा वित्तीय लेखा से किस प्रकार भिन्न हैं? व्याख्या कीजिए। 4+6

2. (a) उत्पादों के साथ पहचान के आधार पर लागतों का वर्गीकरण किस प्रकार किया जाता है? उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए। 5+5

   (b) निरन्तर माल सूची प्रणाली से क्या तात्पर्य है? इस प्रणाली के किन्हीं तीन लाभों का उल्लेख कीजिए।

3. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए। 5+5

   (a) श्रमिक आवर्त दर

   (b) पुनरादेश स्तर

   (c) फ़ैक्टरी उपरिव्ययों का अल्प-अवशोषण तथा अति-अवशोषण का निपटारा

   (d) मेमोरैंडम समाधान खाता

## खण्ड-ख

4. एक विनिर्माणी फ़र्म द्वारा एक वर्ष में बनाए गए माल के लागत रिकार्ड से निम्नलिखित सूचनाएँ प्राप्त की गईं। इनकी सहायता से वर्ष के लिए (a) कुल उत्पादन लागत, (b) बेचे गए माल की लागत, (c) विक्रय की लागत, तथा (d) वर्ष का निवल लाभ एवं प्रति टन लाभ ज्ञात कीजिए। 15

| | रु. |
|---|---|
| कच्चे माल का क्रय | 12,00,000 |
| फ़ैक्टरी किराया व बीमा | 80,000 |
| आगत माल भाड़ा | 14,400 |
| अन्य फ़ैक्टरी उपरिव्यय | 4,00,000 |
| प्रत्यक्ष मज़दूरी | 6,00,000 |
| स्टाक (आरंभ में) | |
| कच्चा माल | 2,00,000 |
| तैयार माल (1000 टन) | 1,50,000 |
| प्रशासनिक उपरिव्यय | 2,84,000 |
| विक्रय | 29,90,000 |
| स्टाक (अंत में) | |
| कच्चा माल | 2,22,400 |
| तैयार माल (2000 टन) | ? |

प्रारम्भ में अथवा अंत में कोई निर्माणाधीन माल नहीं था। विज्ञापन एवं अन्य विक्रय लागतें 10 रु. प्रति टन थीं। वर्ष में 16,000 टन माल का उत्पादन हुआ।

5. (a) निम्नलिखित सूचनाओं के आधार पर गणना कीजिए। 9+6

(i) पुनरादेश मात्रा

(ii) पुनरादेश सीमा

(iii) अधिकतम स्टॉक की सीमा तथा

(iv) न्यूनतम स्टॉक की सीमा

वार्षिक उपयोग 30,000 इकाईयाँ; प्रति इकाई सामग्री लागत 3 रु.; प्रति आर्डर लागत 20 रु.; एक इकाई एक वर्ष स्टॉक में रखने की लागत-स्टॉक मूल्य का 20%; सामग्री की सप्लाई प्राप्त करने की अवधि 1 से 2 महीने; सामान्य उपभोग 2,500 इकाईयाँ प्रति मास अधिकतम उपभोग 3,000 इकाईयाँ प्रति मास; तथा न्यूनतम उपभोग 2,000 इकाईयाँ प्रति मास।

(b) सामान्य तथा असामान्य प्रक्रिया हानियों से क्या तात्पर्य है? लागत लेखा में इनका लेखांकन कैसे किया जाता है? व्याख्या कीजिए।

6. (a) एक फ़ैक्टरी के उत्पादन विभाग से चालू लेखा वर्ष के एक मास के लिए निम्नलिखित ब्योरा प्राप्त हुआ : 9+6

उपयोग की गई सामग्री 1,08,000 रु.; प्रत्यक्ष मज़दूरी 90,000 रु.; फ़ैक्टरी उपरिव्यय 72,000 रु.; श्रम घंटे 72,000; तथा मशीन घंटे 60,000 ।

एक विभाग द्वारा एक आर्डर की पूर्ति के लिए, जो इस मास में प्राप्त हुआ, निम्नलिखित विवरण उपलब्ध है : उपयोग की गई सामग्री 12,000 रु., प्रत्यक्ष मज़दूरी 6,400 रु.; श्रम घंटे 6,400; तथा मशीन घंटे 4,800 ।

उपरिव्यय अवझोषण की दरों की गणना कीजिए; तथा

(i) प्रत्यक्ष सामग्री लागत पद्धति

(ii) प्रत्यक्ष श्रम लागत पद्धति

(iii) श्रम घंटा दर पद्धति तथा

(iv) मशीन घंटा दर पद्धति के अंतर्गत इस जॉब की लागत दिखाते हुए एक विवरण बनाइए।

(b) एक जॉब को पूरा करने का निर्धारित मानक समय 100 घंटे है तथा प्रति घंटा मज़दूरी 50 रु. है। श्रमिक ने इस कार्य को 80 घंटे में पूरा किया।

(i) हाल्से योजना तथा

(ii) रोवन योजना के आधार पर श्रमिक की कुल मज़दूरी का परिकलन कीजिए।